बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 पटना मुख्यालय भवन में कैन्टीन का संचालन हेतु दिनांक–17.12.2018 को प्राप्त निविदा/अभिरूचि आमंत्रण के संदर्भ में निर्णय हेतु दिनांक–21.01.2019 को निगम निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाही :–

**उपस्थिति:**–

1. **श्री अमित कुमार**, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।** — सदस्य
3. **श्री रविशंकर चौधरी**, संयुक्त सचिव–सह–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार**, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्र0 साह**, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
6. **श्री रंजित प्र0 सिंह**, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**कार्यवाही:–**

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना द्वारा निगम मुख्यालय भवन में कैन्टीन संचालन हेतु EOI /अभिरूचि आमंत्रण से संबंधित दिनांक–24.11.2018 को सूचना आमंत्रित की गयी थी, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार–पत्र हिन्दुस्तान एवं प्रभात खबर में दिनांक–29.11.2018 को हुआ था। उक्त विज्ञापन का पी0आर0 संख्या–12169 नि0नि0 2018–19 है।

विषयांकित EOI/अभिरूचि आमंत्रण बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 मुख्यालय भवन में कैन्टीन संचालन हेतु किया गया है।

निविदा/EOI में भाग लेने वाले निविदाता का नाम एवं पता:–

1. M/s Jain Hotel, 301, Aashirvad Apartment ID, Rajendra Nagar Patna

**प्रथमवार आमंत्रित निविदा/EOI की स्थिति :–** इस कार्य हेतु पूर्व में दिनांक–02.05.2017 को निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें कोई भी निविदाकार द्वारा निविदा में भाग नहीं लिया गया।

**द्वितीयवार आमंत्रित निविदा/EOI की स्थिति :–** विषयांकित कार्य हेतु द्वितीयवार दिनांक–26.10.2018 को निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसमें कोई भी निविदाकार द्वारा निविदा में भाग नहीं लिया गया।

**तृत्तीयवार (वर्त्तमान) आमंत्रित निविदा/EOI की स्थिति :–** विषयांकित कार्य हेतु तृत्तीयवार दिनांक–22.11.2018 को निविदा/EOI प्राप्त की गई, जिसमें निम्नलिखित एक एजेन्सी द्वारा भाग लिया गया :–

1. M/s Jain Hotel, Aashirvad Apartment ID, Rajendra Nagar Patna

उक्त EOI/अभिरूचि आमंत्रण से संबंधित कागजात की जॉच तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। जॉच के क्रम में पाया गया कि एकल निविदादाता M/s Jain Hotel, Aashirvad Apartment ID, Rajendra Nagar Patna विषयांकित EOI/अभिरूचि आमंत्रण में निहीत सभी अर्हताओं को पूरा करते है। समिति द्वारा उक्त निविदादाता को सभी कंडिकाओं के तहत रिस्पॉन्सिव पाया गया।

**तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसा:–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के मुख्यालय भवन में कैन्टीन संचालन हेतु आमंत्रित EOI/अभिरूचि आमंत्रण में M/s Jain Hotel, Aashirvad Apartment ID, Rajendra Nagar Patna को सफल घोषित किया गया है।

चूकिं यह EOI/अभिरूचि आमंत्रण तृत्तीयवार आमंत्रित की गई है तथा इस EOI/अभिरूचि आमंत्रण में एकमात्र निविदाकार सफल पाया गया है अतएव वित्त विभाग की अधिसूचना का ज्ञापांक–7806 दिनांक–30.09.2016 के आलोक में इसकी सम्पुष्टि हेतु एक स्तर उपर अर्थात् निगम निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया है।

**निगम निविदा समिति का निर्णय:–**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 12.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आधार पर वित्त विभाग के अधिसूचना का ज्ञापांक–7806 दिनांक–30.09.2016 के आलोक में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 के मुख्यालय भवन में कैन्टीन संचालन हेतु आमंत्रित EOI/अभिरूचि आमंत्रण के तकनीकी भाग में M/s Jain Hotel, Aashirvad Apartment ID, Rajendra Nagar Patna को सफल घोषित किया जाता है। निगम निविदा समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस कार्यवाही को निगम के वेबसाइट पर रखा जाए एवं दिनांक–29.01.2019 को पूर्वाहन 11 बजे तक EOI/अभिरूचि आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बिड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेगें। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सफल एकल निविदादाता का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का बैठक आहूत करेंगे।

निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाइट पर सूचनार्थ डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 21.1.19<br>(रंजित प्र0 सिह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | Tapeshwa 21.01.19<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। | 21.1.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |
| 21.1.2019<br>(रविशंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना | 21.1.19<br>(उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 21.1.19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |